www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## UGC NET Paper 3 June 26, 2011 Shift 1 History Question Paper

# PAPER-III
# HISTORY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

**J 0 6 1 1**

Time : **2 $^{1}/_{2}$** hours] [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **19**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।
   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (केलकुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HISTORY
# इतिहास

## PAPER–III
## प्रश्नपत्र–III

**Note :** This paper is of **two hundred** (200) marks containing **four** (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ** (200) अंकों का है एवं इसमें **चार** (4) खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस–बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Evaluate the literary and artistic achievements in the Gupta period.
गुप्तकालीन साहित्यिक एवं कलात्मक उपलब्धियों का मूल्यांकन कीजिए ।

**OR / अथवा**

How did technologies brought about by the Turks cause social changes in medieval period ?
तुर्कों द्वारा लाई गई प्रौद्योगिकियों से मध्यकालीन भारत में किस प्रकार के सामाजिक परिवर्तन हुए ?

**OR / अथवा**

Examine the major shifts in the historiography of Indian Nationalism.
भारतीय राष्ट्रवादी इतिहास लेखन में प्रमुख परिवर्तनों का परीक्षण कीजिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

2. Analyse India-China relations in the ancient period.
प्राचीन भारत में भारत-चीन सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए ।

**OR / अथवा**

Evaluate the role of brokers and merchants in the medieval Indian economy.
मध्यकालीन भारतीय अर्थव्यवस्था में दलालों एवं व्यापारियों की भूमिका का मूल्याँकन कीजिए ।

**OR / अथवा**

Would you argue that commercialization of agriculture in colonial India led to a situation of growth without development ?
औपनिवेशिक भारत में कृषि के वाणिज्यीकरण के कारण विकासविहीन पैदावार-वृद्धि की स्थिति उत्पन्न हुई । इस पर आपका तर्क क्या है ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions contained therein. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल **एक** ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों के उत्तर देने है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I / विकल्प – I

3. Evaluate the various theories on the decline of the Indus Valley Civilization.
सिन्धु घाटी सभ्यता के पतन सम्बन्धी विभिन्न सिद्धान्तों का मूल्याँकन कीजिए ।

4. Discuss in detail the architectural development of Chaityas in ancient India.
प्राचीन भारत में चैत्यों के वास्तुशास्त्रीय विकास की विस्तृत विवेचना कीजिए ।

5. Discuss the village administration of the Chola period.
चोल कालीन ग्राम-शासन का उल्लेख कीजिए ।

**OR / अथवा**

### Elective – II / विकल्प – II

3. How Gulbadan Begum's Humayunnama is important in understanding gender relations in medieval India ?
मध्यकालीन भारत में लैंगिक संबन्धों को जानने के लिए गुलबदन बेगम के हुमायूँनामा का कितना महत्त्व है ?

4. Describe the role played by Christian missionaries in South India.
इसाई धर्म प्रचारकों की दक्षिण भारत में भूमिका का वर्णन कीजिए ।

5. Highlight the development of fine art in the Mughal period.
मुगल काल में ललित कला के क्षेत्र में विकास पर प्रकाश डालिए ।

**OR / अथवा**

### Elective – III / विकल्प – III

3. Comment on the nature of the mass participation in the Revolt of 1857.
1857 के विद्रोह में जन सहभागिता की प्रकृति पर टिप्पणी कीजिए ।

4. Would you relate the recurrence of famine in the nineteenth century India to British land revenue administration ?
क्या भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में दुर्भिक्ष के बार-बार होने की घटना को आप अंगरेजी भू-राजस्व के साथ जोड़ेंगे ?

5. Explain Gandhiji's transition from an outsider in Indian politics to the national leader.
भारतीय राजनीति से नहीं जुड़े होने पर भी गांधीजी के राष्ट्रीय नेता के रूप में परिवर्तन की व्याख्या कीजिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – III
## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. State the main principles of Buddhism.
बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. Examine Ashoka's policy of Dhamma.
अशोक की धम्मकी नीति का परीक्षण कीजिए ।

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

8. Analyse the cultural achievements of Harsha Vardhana.
हर्षवर्द्धन की सांस्कृतिक उपलब्धियों का विश्लेषण कीजिए ।

9. Explain the importance of Wahadat-ul-wajud in the Indian context.
भारतीय सन्दर्भ में वहदत-उल-वजूद के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

10. Explain the significance of the words taqlid and aql used by Abul Fazl.
अबुल फजल द्वारा प्रयोग किये गये तकलिद एवं अक्ल शब्दों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

www.prepp.in

11. Define the term altamgha or altuntamgha Jagir.
अल्तमगाह या अल्तून तमगाह को परिभाषित कीजिए ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. Would you accept the 'drain' as a valid concept ?
'ड्रेन' को क्या आप एक मान्य अवधारणा के रूप में स्वीकार करेंगे ?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. Why did Muslim leaders of North India support the Khilafat movement more than their Bombay counterparts ?
बंबई के मुसलमान नेताओं की अपेक्षा उत्तर भारत के मुसलमान नेताओं ने खिलाफत आंदोलन का अधिक समर्थन क्यों किया ?

14. How did Nehru confront the problem of free India's backwardness in science and technology ?
विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को बढ़ाने में नेहरू को भारत के पिछड़ेपन की समस्या का सामना किस प्रकार करना पड़ा ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – IV
## खंड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

**Note :** Read the following passage carefully and answer the questions (**15** to **19**) that follow, based on your understanding of the passage.

The Taj Mahal has become one of the world's best known monuments. This domed white marble structure is situated on a high plinth at the southern end of a four-quartered garden, evoking the gardens of paradise, enclosed within walls measuring 305 by 549 metres. Outside the walls, in an area known as Mumtazabad, were living quarters for attendants, markets, serais and other structures built by local merchants and nobles. The tomb complex and the other imperial structures of Mumtazabad were maintained by the income of thirty villages given specifically for the tomb's support. The name Taj Mahal is unknown in Mughal chronicles, but it is used by contemporary Europeans in India, suggesting that this was the tomb's popular name. In contemporary texts, it is generally called simply the Illuminated Tomb (Rauza-i Munavvara).

Mumtaz Mahal died shortly after delivering her fourteenth child in 1631. The Mughal court was then residing in Burhanpur. Her remains were temporarily buried by the grief-stricken emperor in a spacious garden known as Zainabad on the bank of the river Tapti. Six months later her body was transported to Agra, where it was interred in land chosen for the mausoleum. This land, situated south of the Mughal city on the bank of the Jumna, had belonged to the Kachhwaha rajas since the time of Raja Man Singh and was purchased from the then current raja, Jai Singh. Although contemporary chronicles indicate Jai Singh's willing cooperation in this exchange, extant *farmans* (imperial commands) indicate that the final price was not settled until almost two years after the mausoleum's commencement. Jai Singh's further cooperation was insured by imperial orders issued between 1632 and 1637 demanding that he provide stone masons and carts to transport marble from the mines at Makrana, within his "ancestral domain", to Agra where both the Taj Mahal and Shah Jahan's additions to the Agra fort were constructed concurrently.

**नोट :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इस गद्यांश की अपनी समझ के आधार पर इसके बाद दिये गए प्रश्नों (संख्या **15 – 19**) के उत्तर दीजिए ।

ताजमहल विश्व-विख्यात स्मारकों में से एक बन गया है । धवल संगमरमर से निर्मित यह गुंबदा कार इमारत, स्वर्गलोग की पुष्पवाटिका की छटा बिखेरने वाले एक चारबाग के दक्षिणी छोर पर उच्च स्तम्भपीठ पर स्थित है और 305 से 549 मीटर ऊँची प्राचीरों से घिरी है । प्राचीर के बाह्य भाग, जिसे मुमताजाबाद के रूप में जाना जाता है, में परिचरों के आवास, बाजार, सराय तथा स्थानीय व्यापारियों और अभिजात लोगों द्वारा निर्मित अन्य संरचनाएँ थीं । मकबरे तथा मुमताज़ाबाद की अन्य संरचनाओं का रख-रखाव तीस गाँवों की आमदनी से किया जाता था जिन्हें मकबरे के अनुपोषण के लिए विशेष रूप से दिया गया था । मुगलकालीन स्रोतों में ताज महल नाम का उल्लेख नहीं मिलता, परन्तु भारत के समकालीन यूरोपीय लोगों ने इस नाम का उपयोग किया है जिससे पता चलता है कि यह इसका प्रचलित नाम था । समसामयिक प्रलेखों में सुगम रूप में इसे प्रकाश-सज्जित गुंबद (रौजा-ए-मुनव्वरा) कहा गया है ।

मुमताज़ महल का निधन, अपनी चौदहवीं संतान को जन्म देने के बाद, सन् 1631 में हुआ । उस समय मुगल दरबार बुहारनपुर में लगता था । शोक-संतप्त सम्राट ने उसके पार्थिव शरीर (शव) को ताप्ती नदी के तट पर जैनाबाद नामक एक विशाल उद्यान-वाटिका में अस्थायी रूप में दफनाया था । छः महीनों के बाद उसके शव को आगरा ले जाया गया जहाँ उसे मकबरे के लिए चुनी गई जमीन में दफनाया गया । मुगलिया शहर के दक्षिणी भाग में यमुना नदी के तट पर स्थित यह जमीन राजा मानसिंह के शासन-काल से कछवाहा राजाओं की मिल्कियत थी तथा उसे तत्कालीन पदासीन राजा जयसिंह से खरीदा गया था । यद्यपि इस विनिमय में राजा जयसिंह की रजामंदी समसामयिक स्रोतों में संकेतित है, तथापि शाही फरमानों से यह संकेत मिलता है कि मकबरे का निर्माण-कार्य प्रारम्भ होने के लगभग दो वर्ष बाद तक इस जमीन की अंतिम कीमत तय नहीं हो पायी थी । सन् 1632 से 1637 के बीच जारी किये गये शाही आदेशों में जयसिंह के सहयोग को एक बार फिर यह कहकर सुनिश्चित किया गया कि वे अपनी पैतृक रियासत में स्थित मकराना की खानों से संगमरमर को आगरा ले जाने के लिए मजदूर तथा बोझागाड़ियाँ मुहैय्या कराएँगे जहाँ ताज महल तथा आगरा के किले के शाहजहाँ द्वारा परिवर्धन हेतु निर्माण कार्य साथ-साथ चल रहा था ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. Why Rauza-i Munavvara is known as one of the best monuments in the world ?
रौजा-इ-मुनव्वर को दुनिया के सर्वोत्तम स्मारकों में से एक क्यों माना जाता है ?

16. From which funds the maintenance of Taj Mahal was carried out ?
ताज महल का रख-रखाव किस कोष से किया जाता था ?

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

17. In the Persian chronicles, Taj Mahal was known by the name of Rauza-i Munavvara (Illuminated Tomb) but how it became known popularly as Taj Mahal ?
फारसी स्रोतों में ताज महल का उल्लेख रौजा-इ-मुनव्वर (प्रकाश सज्जित गुंबद) के नाम से मिलता है, परन्तु किस प्रकार इसका नाम ताज महल प्रचलित हुआ ?

prepp Your Personal Exam Guide

18. From whom the land where the Taj Mahal was built, was acquired ?
उस जमीन का अधिग्रहण किससे किया गया था जिस पर ताज महल बनाया गया ?

www.prepp.in

19. Was there any opposition or cooperation in building the Taj Mahal ?
क्या ताज महल के निर्माण-कार्य का कोई विरोध हुआ था या इसमें सहयोग मिला था ?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................